Headline: IISL to rebrand its indices; CNX Nifty to be renamed Nifty 50	
Source: Veer Arjun	**Date:** 23 September 2015

आईआईएसएल ने सभी सूचकांकों की रिब्रांडिंग की

नई दिल्ली, (वास)। इंडिया इंडेक्स सर्विसेज एंड प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आइआइएसएल), एनएसई की ग्रुप कंपनी और भारत के अग्रणी इंडेक्स प्रदाता ने सीएनएक्स निफ्टी, सीएनएक्स 100, सीएनएक्स 200, सीएनएक्स 500, सीएनएक्स मिडकैप, सीएनएक्स स्मालकैप इत्यादि सहित आइआइएसएल के सभी मौजूदा सूचकांकों की रिब्रांडिंग की घोशणा की है। आइआइएसएल ने रिब्रांडिंग पहल के हिस्से के रूप में, अपने सूचकांकों में 'निफ्टी' नाम षामिल करने के लिए अपने सभी मौजूदा सूचकांकों को रिब्रांड करने का प्रस्ताव रखा है क्योंकि निफ्टी भारतीय पूंजी बाजार पर नजर रखने वाले निवेषकों के बीच काफी सुदृढ. ब्रांड नाम बन चुका है। एनएसई के प्रमुख 'सीएनएक्स निफ्टी'' इंडेक्स को अब ''निफ्टी 50'' इंडेक्स के रूप में रिब्रांड किया जायेगा। सुश्री चित्रा रामकृश्ण, एमडी एवं सीईओ, एनएसई ने कहा, ''पिछले कई वर्शों से, निफ्टी भारतीय इक्विटी बाजार का समानार्थी बन चुका है। आइआइएसएल इंडाइसेस की रिब्रांडिंग करने से दुनिया भर में निफ्टी परिवार से जुडे. उत्पादों की स्वीकार्यता में वृद्धि होगी।

निफ्टी सूचकांकों में लगातार बढती भागीदारी इस बात का संकेत है कि भारतीय बाजार में रुचि बढ. रही है।'' एनएसई पर कारोबार करने वाला निफ्टी 50 ऑप्शंस इक्विटी इंडेक्स ऑप्षंस श्रेणी में वैष्विक स्तर पर सबसे बडा ट्रेडेड कॉन्ट्रैक्ट है। एनएसई के अतिरि्क्त, निफ्टी डेरीवेटिव्स सिंगापुर एक्सचेंज लि., शिकागो मर्केंटाइल एक्सचेंज इंक और ओसाका एक्सचेंज इंक पर भी कारोबार करते हैं। भारत में इक्विटी ईटीएफ की कुल प्रबंधनाधीन परिसंपत्ति का 97 प्रतिषत हिस्सा निफ्टी परिवार के सूचकांकों से जुडा हुआ है। वैष्विक स्तर पर निफ्टी परिवार के सूचकांकों पर निगरानी रखने वाली कुल ईटीएफ एयूएम 2240 मिलियन अमेरिकी डॉलर है। 31 अगस्त, 2015 तक, 6 विदेषी ईटीएफ और 11 घरेलू ईटीएफ एवं 14 इंडेक्स फंड निफ्टी 50 इंडेक्स पर आधारित है। वहीं, 18 घरेलू ईटीएफ और इंडेक्स फंड्स आइआइएसएल के अन्य सूचकांकों से जुडे. हुये हैं। आइआइएसएल के सभी सूचकांकों की सूची उनके नये नाम के साथ इसमें संलग्न है और यह हमारी वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। आइआइएसएल के सूचकांकों की रिब्रांडिंग 09 नवंबर, 2015 से प्रभावी होगी।